DAY — **19** SEAT NUMBER | | | | | | |

| 2025 | III | 07 | 1500 | **J-425** | (H) |
|---|---|---|---|---|---|

# GEOGRAPHY (39)

**Time : 3 Hrs.** **(8 Pages)** **Max. Marks : 80**

**सूचना :** *(१) सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।*
*(२) प्रश्नों के उत्तर लिखते समय, आवश्यकतानुसार सुस्पष्ट आकृति / आलेख बनाइए।*
*(३) रंगीन पेंसिल के उपयोग करने की अनुमति है।*
*(४) मानचित्र स्टेंसिल के उपयोग करने की अनुमति है।*
*(५) दाहिने ओर लिखे अंक पूर्णांक दर्शाते हैं।*
*(६) मानचित्र की पूरक पुस्तिका को मूल उत्तर पुस्तिका से जुड़ा होना चाहिए।*

**प्र. १.** दिए गए सुझावों के अनुसार निम्नलिखित उप-प्रश्नों को हल कीजिए : **[ २० ]**

**( अ )** स्तंभ 'अ' 'ब' और 'क' में तत्त्वों को सहसंबंधित करके श्रृंखला को पूर्ण कीजिए व उत्तर को उत्तरपुस्तिका में लिखिए : (५)

| क्रमांक | 'अ' | 'ब' | 'क' |
|---|---|---|---|
| (१) | अमेज़न घाटी | (१) वस्तु निर्माण कार्य | (१) टाटा लौह-इस्पात उद्योग |
| (२) | संकुचित पिरामिड | (२) व्यापारिक पशुपालन | (२) कम जनसंख्या घनत्व |
| (३) | औद्योगिक क्षेत्र | (३) व्यक्तिगत | (३) जन्मदर कम व मृत्युदर अत्यंत कम |
| (४) | पंपाज घास भूमि | (४) घने विषुवतवृत्तीय वन | (४) दक्षिण अमेरिका |
| (५) | निजी | (५) वृद्धों की संख्या अधिक | (५) रोजगार की उपलब्धता |

**( ब )** दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर विधानों को पूर्ण कीजिए व लिखिए। (५)

(१) संयुक्त राज्य अमेरिका में एप्लेशियन पर्वतीय क्षेत्र में घनी आबादी का कारण -

(अ) विषम प्राकृतिक परिस्थिति

(ब) दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र

(क) लौह व कोयला खनिजों का विकास

(ड) युद्ध जैसी स्थितियाँ

(२) मत्स्यमारी क्षेत्र के लिए सर्वोत्तम स्थिति-

(अ) दांतेदार समुद्र तट, उथला समुद्र, उष्ण जलवायु, प्लवंक की वृद्धि

(ब) उथला समुद्र, उष्ण व शीत समुद्री प्रवाहों का मिलना, प्लवंक की वृद्धि, शीत जलवायु

(क) महाद्वीपीय जलमग्न तट, प्लवंक की वृद्धि, मत्स्यमारी का अति उत्कृष्ट कौशल्य, शीत जलवायु

(ड) महाद्वीपीय जलमग्न तट, दांतेदार समुद्र तट, प्लवंक की वृद्धि, शीत जलवायु

(३) संयुक्त राज्य अमेरिका के औद्योगिक क्षेत्र देश के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थापित हैं कारण-

(अ) सघन जनसंख्या

(ब) पूँजी की उपलब्धता

(क) कोयला और लौह-अयस्क जैसे खनिजों के समृद्ध भंडारों की उपलब्धता

(ड) परिवहन मार्गों का केंद्रीयकरण।

(४) उत्तर भारतीय मैदानों में कई उप-प्रदेश सम्मिलित हैं उनमें से-

(अ) नाईल का मैदान (ब) गंगा-यमुना का मैदान

(क) मिसिसिपी घाटी (ड) अमेज़न की घाटी

(५) क्षेत्र के विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख प्राकृतिक कारक–

(अ) साधन संपत्ति (ब) लिंगानुपात

(क) स्कूल नामांकन अनुपात (ड) रोजगार

**( क )** सही सहसंबंध पहचानिए व लिखिए : (५)

A: विधान R : कारण

(१) A: विषुवतवृत्तीय सदाबहार वनों में कठोर लकड़ी के वृक्ष पाए जाते हैं।

R : विषुवतवृत्तीय क्षेत्रों में व्यावसायिक स्तर पर लकड़ी कटाई विकसित नहीं है।

(अ) केवल A सही है।

(ब) केवल R सही है।

(क) A और R दोनों सही हैं और R यह A का सही स्पष्टीकरण है।

(ड) A और R दोनों सही हैं परंतु R यह A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(२) A: भारत में औद्योगिक प्रदेश विशिष्ट स्थानों पर केंद्रित हैं।

R : भारत कृषि प्रधान देश है।

(अ) केवल A सही है।

(ब) केवल R सही है।

(क) A और R दोनों सही हैं और R यह A का सही स्पष्टीकरण है।

(ड) A और R दोनों सही हैं परंतु R यह A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(३) A: तृतीयक आर्थिक व्यवसाय में प्रकृति से कुछ भी नहीं लिया जाता है।

R : केवल सेवाएँ प्रदान की जाती हैं, इसलिए इन व्यवसायों को सेवा व्यवसाय कहा जाता है।

(अ) केवल A सही है।

(ब) केवल R सही है।

(क) A और R दोनों सही हैं और R यह A का सही स्पष्टीकरण है।

(ड) A और R दोनों सही हैं परंतु R यह A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(४) A: प्रत्येक औपचारिक क्षेत्र की अलग–अलग सीमाएँ होती हैं इसलिए इस क्षेत्र की पहचान करना सरल होता है।

R: यह क्षेत्र आर्थिक गतिविधियों से आपस में जुड़े हुए हैं।

(अ) केवल A सही है।

(ब) केवल R सही है।

(क) A और R दोनों सही हैं और R यह A का सही स्पष्टीकरण है।

(ड) A और R दोनों सही हैं परंतु R यह A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(५) A: प्राकृतिक या मानवीय कारक (घटक) स्थिर नहीं होते हैं, लेकिन अत्यधिक गतिशील होते हैं। वे समय के साथ परिवर्तित होते हैं।

R: पृथ्वी पर लगातार परिवर्तन होने से इसके प्राकृतिक व सांस्कृतिक पर्यावरण में विविधता पाई जाती है।

(अ) केवल A सही है।

(ब) केवल R सही है।

(क) A और R दोनों सही हैं और R यह A का सही स्पष्टीकरण है।

(ड) A और R दोनों सही हैं परंतु R यह A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**(ड)** गलत घटक पहचानिए व लिखिए : (५)

(१) खनिज भंडारों के कारण सघन (घनी) जनसंख्या का क्षेत्र –

(अ) ऑस्ट्रेलिया के रेगिस्तानी क्षेत्र में सोने की खदानों का क्षेत्र

(ब) दक्षिण–पश्चिम एशिया का खनिज तेल उत्पादक क्षेत्र

(क) भारत का खनिज उत्पादक छोटा नागपुर का पठार

(ड) उत्तर अमेरिका का प्रेअरी क्षेत्र

(२) प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर प्राथमिक व्यवसाय –

(अ) कृषि　　(ब) शिकार

(क) वाहन उद्योग　　(ड) लकड़ी कटाई

(३) स्वच्छंद (स्थान रहित)उद्योग (Footloose Industries) –

(अ) सीमेंट के उद्योग

(ब) घड़ियाँ बनाने के उद्योग

(क) हीरों को तराशने के उद्योग

(ड) हेयरपिन विनिर्माण उद्योग

(४) अंटार्कटिका महाद्वीप पर कोई स्थायी मानव बस्तियाँ नहीं हैं –

(अ) बहुत ठंडी जलवायु　　(ब) उपजाऊ भूमि

(क) बर्फीली ज़मीन　　(ड) दीर्घकालीन शीतकाल

(५) प्राकृतिक भूगोल में अध्ययन किए गए घटक –

(अ) पर्यावरणीय कारक　　(ब) भूरचना

(क) झीलें　　(ड) परिवहन

**प्र. २. निम्नलिखित विधानों के भौगोलिक कारण लिखिए ( कोई चार ) :** **[ १२ ]**

(१) जनसंख्या की साक्षरता दर देश के आर्थिक और सामाजिक विकास का सूचक है।

(२) भारत में बड़े पैमाने पर कृषि की जाती है।

(३) उद्योगों का वितरण असमान है।

(४) मध्य ऑस्ट्रेलिया में उद्योग विकसित नहीं हैं।

(५) निरक्षरता व गरीबी जैसे कारक क्षेत्रीय विकास को प्रभावित करते हैं।

(६) भूगोल विषय की प्रकृति द्वैतवादी है।

**प्र. ३. अंतर स्पष्ट कीजिए ( कोई तीन ) :** **[ ९ ]**

(१) भूमि उपयोग व भूमि आच्छादन

(२) सार्वजनिक उद्योग व निजी उद्योग

(३) प्राकृतिक क्षेत्र व राजनीतिक क्षेत्र

(४) क्षेत्रीय विकास व क्षेत्रीय असंतुलन

(५) प्रकृतिवाद व संभववाद

प्र. ४. **(अ)** मानचित्र के खाके में निम्नलिखित को चिन्हित कीजिए और उनकी उचित सूची तैयार कीजिए (कोई छह): (६) **[११]**

(१) दक्षिण अमेरिका महाद्वीप का एक कम जनसंख्या वाला क्षेत्र

(२) जनसंख्या संक्रमण के दूसरे चरण में अफ्रीका का एक देश

(३) महाराष्ट्र में प्रमुख प्रशासनिक शहर

(४) ऑस्ट्रेलिया में पशुपालन का क्षेत्र

(५) एशिया में मछली पकड़ने वाला अग्रणी देश

(६) केप ऑफ गुड होप जलमार्ग


(७) नाईल नदी की घाटी

(८) साइबेरिया का पठार

**(ब)** निम्नलिखित आलेख पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (५)

**भारत : व्यावसायिक संरचना**
**(प्राथमिक सेवा क्षेत्र)**

**पैमाना :** 1 **से.मी.** = 10%



प्रश्न –

(१) आलेख में क्या दिखाया गया है?

(२) किस दशक में किसानों का उच्चतम प्रतिशत देखा जाता है?

(३) किस दशक में कृषि श्रमिकों का सबसे कम प्रतिशत दिखाया गया है?

(४) दिए गए स्तंभलेख में कौन से कारक का प्रतिशत सभी दशकों में उच्चतम दिखाई देता है?

(५) वर्ष १९७१ में किसानों और कृषि श्रमिकों का प्रतिशत कितना है?

**प्र. ५. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए ( कोई तीन ) :** **[ १२ ]**

(१) जन्मदर और मृत्युदर में सहसंबंध

(२) मिश्रित भूमि उपयोग

(३) शिकार और पारिस्थितिक गिरावट

(४) परिवहन की उद्योगों के विकास में भूमिका

(५) संदेशवहन में कृत्रिम उपग्रहों का महत्त्व

**प्र. ६.** **( अ )** दिए गए परिच्छेद का अध्ययन करके इसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (४) **[ ८ ]**

पशुपालन व्यवसाय का वैश्विक वितरण ३०° से ६०° उत्तर व ३०° से ५५° दक्षिण अक्षांश के बीच प्रतीत होता है। यह व्यवसाय मौसम से प्रभावित होता है। इस व्यवसाय का विकास उत्तरी गोलार्ध में अधिक पाया जाता है।

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण व उत्तर अमेरिका महाद्वीप में पशुपालन का विस्तार घास के मैदानों की उपस्थिति के कारण है परंतु यह अत्याधुनिक तकनीकों, बाज़ारों और ज़मीन के बड़े भागों की उपलब्धता से प्रभावित होता है। उत्तर अमेरिका, दक्षिण अमेरिका एवं ऑस्ट्रेलिया में इसका विकास व्यावसायिक तौर पर हुआ है। दक्षिण अमेरिका और उत्तर अमेरिका में पशुपालन

उच्च प्रौद्योगिकी पर आधारित है, यहाँ इस व्यवसाय को बड़े पैमाने पर यंत्रीकृत किया गया है।

घने जंगलों, रोगग्रस्त जलवायु और खराब चारे के कारण विषुवतवृत्तीय क्षेत्र में यह व्यवसाय बहुत अधिक विकसित नहीं हुआ है।

प्रश्न :

(१) पशुपालन व्यवसाय का वैश्विक वितरण किस अक्षांश के बीच हुआ है?

(२) पशुपालन व्यवसाय किस गोलार्ध में सर्वाधिक विकसित है?

(३) ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण व उत्तर अमेरिका महाद्वीप में पशुपालन व्यवसाय को कौन-से कारकों ने प्रभावित किया है?

(४) विश्व के पशुपालन व्यवसाय में अधिकतम यंत्रीकृत किए गए महाद्वीप कौन-से हैं?

**( ब )** स्वच्छ आकृति बनाकर नाम लिखिए (कोई दो): (४)

(१) स्थिर पिरामिड

(२) वृत्ताकार बस्ती

(३) भूगोल का अन्य विषयों से सहसंबंध

**प्र. ७. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए ( कोई एक) :** **[ ८ ]**

(१) जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले मानवीय कारकों को स्पष्ट कीजिए।

(२) व्यापार को प्रभावित करने वाले कारक स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆